हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 27 जून 2025

तापमान
अधिकतम 35 .5 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

13 फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी रेलखंड के मध्य चल रहा दोहरीकरण नॉन इंटरलॉकिंग कार्य, अगस्त में आठ रेलसेवाएं रहेंगी रद्द



14 अस्पताल के लिए जमीन फाइनल नहीं, सियासी रंग पकड़ने लगा आंदोलन ...



## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी सुमित कुमार। फोटो :हरिभूमि

### कंपनी की रकम और सामान लेकर फरार हुआ आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने कंपनी की रिकवरी रकम और अन्य सामान लेकर फरार हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। पीवरा की ढाणी में चल रहे फाइनेंस कंपनी के शाखा प्रबंधक मुनेश राणा ने 28 जनवरी को पुलिस शिकायत में बताया था कि उनकी कंपनी जरूरतमंद महिलाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण मुहैया कराती है। कंपनी में भिवानी जिले के कासन कलां निवासी सुमित कुमार उसकी शाखा से पैसा बांटने और रिकवरी का कार्य करता रहा है। उसने कुछ सेंटरों से कंपनी के बिहाफ पर मेंबरों से 93301 रुपये रिकवर किए, परंतु कंपनी के पास जमा नहीं कराए। वह सैमसंग का टैब, चार्जर और दो बायोमैट्रिक स्कैनर लेकर फरार हो गया। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में आरोपी सुमित को गिरफ्तार कर लिया।

### शिव जागरण में बही भक्ति रस की धारा

कुंड। खंड खोल के गांव ढाणी शोभा में भोले बाबा के 17वें शिव जागरण व भंडारे का आयोजन किया गया। जागरण में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भक्ति, संस्कृति और सामाजिक चेतना का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माजरी धाम के महंत सुमित गिरी महाराज व एडवोकेट सुरेंद्र यादव थे। सुरेंद्र यादव ने दीप प्रज्वलित कर जागरण का शुभारंभ किया। मंच संचालन सुनील कुमार ने किया गया। महंत सुमित गिरी महाराज ने सनातन धर्म, गोरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला। एडवोकेट सुरेंद्र यादव ने कहा धार्मिक आयोजन धर्म का प्रचार करने के साथ-साथ आपसी भाईचारे को मजबूत करते है।

दूसरी मेरिट लिस्ट में पहली मेरिट लिस्ट से वंचित विद्यार्थी होंगे शामिल, 10 जुलाई से फिर से ओपन होगा पोर्टल

# कॉलेजों में स्नातक के दाखिले की पहली कट ऑफ लिस्ट आउट, 30 तक ऑनलाइन फीस भर सकेंगे विद्यार्थी





रेवाड़ी। आरडीएस गर्ल्स कॉलेज में लिस्ट में नाम आने पर कागजात जमा कराती छात्राएं, सेक्टर-18 गर्ल्स कॉलेज में हेल्प डेस्क से जानकारी लेती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

उच्चतर शिक्षा निदेशालय की ओर से वीरवार को स्नातक प्रथम वर्ष में दाखिले की दूसरी मेरिट सूची जारी कर दी गई। जिले के कॉलेजों में गत दिवस बुधवार को प्रोविजनल लिस्ट जारी की गई थी। इस बार कॉलेजों में विद्यार्थियों के आवेदन कम आए है। विद्यार्थी सुबह से ही कॉलेजों में पहुंच गए थे, लेकिन पोर्टल पर अपलोड होने के बाद कॉलेजों में दोपहर बाद दाखिले की मेरिट लिस्ट लगाई गई। पहली लिस्ट में में शामिल विद्यार्थी 27 से 30 जून तक फीस जमा करा सकेंगे। 2 जुलाई को दूसरी प्रोविजनल मेरिट सूची व 3 जुलाई को दूसरी फाइनल मेरिट लिस्ट लगाई जाएगी, इस लिस्ट में आने वाले विद्यार्थी 4 से 7 जुलाई तक फीस जमा करा सकेंगे।

9 जुलाई को पहली व दूसरी लिस्ट से वंचित आवेदन फिजिकल काउंसलिंग में भाग लेकर दाखिला ले सकेंगे। रजिस्ट्रेशन के लिए 10 जुलाई को पोर्टल फिर से ओपन होगा। जिले में राजकीय, अनुदान प्राप्त और स्वपोषित सहित कुल 20 कॉलेजों में प्रति वर्ष करीब दस हजार विद्यार्थी विभिन्न कोर्सो में स्नातक प्रथम वर्ष में दाखिले लेते हैं। इस बार कॉलेजों में एडमिशन को लेकर मारामारी की स्थिति भी नहीं है।

कॉलेजों में ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी, हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी, एससी, डीएससी, बीसीए व बीसीबी में कहीं अधिक तो कहीं सामान्य वर्ग के बराबर मेरिट सूची तैयार की गई है।

पहली व दूसरी लिस्ट में आने वाले फीस भरने से वंचित रह जाने वाले विद्यार्थियों को 9 जुलाई को फिजिकल काउंसलिंग करके दाखिले किए जाएंगे। 10 जुलाई तक फिर पोर्टल ओपन होगा, जिसमें वंचित विद्यार्थी दाखिला करा सकेंगे। 11 से 17 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ बची हुई सीटों पर दाखिले होंगे। इसके बाद 18 से 24 जुलाई तक 100 रुपये पंजीकरण के अलावा प्रतिदिन 100 रुपये अतिरिक्त चार्ज के साथ सीटों की फिजिकल काउंसलिग की जाएगी। विद्यार्थियों को एप्लीकेशन फॉर्म, फीस भरने की रसीद, दो पासपोर्ट साइज नए फोटो, मैट्रिक व 12वीं सत्यापित डीएमसी की फोटोकॉपी, परिवार पहचान पत्र की सत्यापित कॉपी, एबीसी आईडी, एंटी रैगिंग अंडरटेकिंग, आधार कार्ड की सत्यापित कॉपी, बैंक अकाउंट पासबुक कॉपी, मूल चरित्र प्रमाण पत्र, माइग्रेशन सर्टिफिकेट, रिजर्वेशन कैटेगरी सर्टिफिकेट, गैप ईयर सर्टिफिकेट, वेटेज व अन्य जरूरी दस्तावेज की कॉपी जमा करानी होगी।

### सेक्टर-18 गर्ल्स कॉलेज की मेरिट लिस्ट

| कोर्स | कैटेगरी अनुसार प्रतिशत |
|---|---|
| बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस | 81.80 से 57.40 प्रतिशत |
| बैचलर ऑफ लाइफ साइंस | 90.40 से 54.80 प्रतिशत |
| बीए | 86 से 48 प्रतिशत |
| बीकॉम | 92.40 से 61.80 प्रतिशत |
| बीसीए | 90 से 61.60 प्रतिशत |

### आरडीएस कॉलेज की मेरिट लिस्ट

| कोर्स | कैटेगरी अनुसार प्रतिशत |
|---|---|
| बैचलर ऑफ साइंस | 69 प्रतिशत |
| बीए | 62 प्रतिशत |
| बीकॉम | 67 प्रतिशत |

### श्रीकृष्ण गवर्नमेंट कॉलेज कंवाली की मेरिट लिस्ट

| कोर्स | कैटेगरी अनुसार प्रतिशत |
|---|---|
| बीए | 82.4 से 50.8 प्रतिशत |
| बीएससी | 81 से 56.2 प्रतिशत |
| बीकॉम | 89 से 64.6 प्रतिशत |
| बीसीए | 89 से 59.6 प्रतिशत |

### गवर्नमेंट कॉलेज पाली की मेरिट लिस्ट

| कोर्स | कैटेगरी अनुसार प्रतिशत |
|---|---|
| बीए | 96 से 59 प्रतिशत |
| बीए ऑनर्स अंग्रेजी | 92 से 58 प्रतिशत |
| बीकॉम | 95 से 64 प्रतिशत |
| बीएससी नॉन मेडिकल | 96 से 78 प्रतिशत |

## बिरेंद्र हत्याकांड में शामिल दो और आरोपी काबू, पांच को पहले ही भेजा जा चुका जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोसली



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में हत्या के आरोपी। फोटो :हरिभूमि

पुलिस ने बिरेंद्र हत्याकांड में दो और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गांव भोहतवास भोंदू निवासी राहुल उर्फ काला व निखिल उर्फ निक्कू के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गांव भाकली निवासी एक महिला ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसका बेटा पवन आर्मी में पठानकोट में तैनात है। वह गत 7 जून को गेम की प्रेक्टिस में शामिल होने के लिए पहले हिसार आया था। इसके बाद रविवार को वह अपने ताऊ पूर्णसिंह के घर पर कुआं पूजन के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गांव में आ गया था। पवन को रात को ही ड्यूटी पर लौटना था, जिस कारण उसका पिता बिरेंद्र उसे कोसली छोड़कर घर पर वापस लौट रहा था। जो गांव के श्मशाम घाट के पास भाकली निवासी भरत उर्फ राहुल उर्फ बाबा, उसके भाई दीपक, राहुल उर्फ सीडी, गांव भोतवास भोंदू निवासी राहुल व विनय आदि ने एक शादी समारोह में हुए झगड़े की रंजिश के चलते उसके पति बिरेंद्र को रोक लिया। इन लोगों ने उसके पति बिरेंद्र के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। जो इस दौरान उसका पति जान बचाने के लिए घ? की तरफ भागकर आ गया। जो सभी आरोपी गाडी मे बैठकर पीछे झ पीछे उसके घर की तरफ आ गए ओर उसके पति को मारने लगे। आरोपियों ने उसके पति पर कुल्हाड़ी से वार करते हुए उसे गोली मार दी। गोली लगते ही वह गिर पड़े। इस दौरान उनको भी थप्पड़ और मुक्कों से पीटा गया।

गली के लोगों ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजन उसके पति को अस्पताल ले गए, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना कोसली हत्या व आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए मामले में संलिप्त पांच आरोपी गांव भोहतवास भोंदू निवासी विनय कुमार व गांव भाकली निवासी दीपक,राहुल उर्फ सीडी, कुलदीप उर्फ 502 व भारत उर्फ राहुल उर्फ बाबा को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने मौके से दो जिंदा रोंद व दो खोल बरामद किए थे।

### एक आरोपी से बरामद हुई थी पिस्टल

पुलिस ने आरोपी भारत उर्फ राहुल उर्फ बाबा के कब्जे से वारदात में प्रयोग की गई एक देशी पिस्टल भी बरामद की थी। इस मामले में पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त दो और आरोपी गांव भोहतवास भोंदू निवासी राहुल उर्फ काला व निखिल उर्फ निक्कू को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी राहुल उर्फ काला से एक अवैध देशी कट्टा व एक जिन्दा रोंद बरामद किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## आरडीएस पब्लिक गर्ल्स कॉलेज की तीन छात्राओं का विवि की मेरिट लिस्ट में नाम दर्ज

- यह उपलब्धि कॉलेज के लिए गर्व का विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



रेवाड़ी। मेधा सूची में आने वाली छात्राएं प्राचार्य व स्टाफ के साथ। फोटो :हरिभूमि

कालाका रोड स्थित आरडीएस पब्लिक गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने गत वर्षो की भांति एक बार फिर अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय देते हुए इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से घोषित परीक्षाओं की मेरिट लिस्ट में नाम दर्ज कराया है। कला संकाय से मेधा सूची में कॉलेज की ही दो छात्राओं ने स्थान पाया है। छात्रा स्नेहलता छठे तथा लक्षिता मेधा सूची में दसवें स्थान पर रहीं। वाणिज्य संकाय से जिले में केवल आरडीएस कॉलेज की छात्रा भावना ने आठवां स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्राचार्य डा. दलबीर सिंह यादव ने इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा, कि यह छात्राओं की कठिन मेहनत, अध्यापकों के मार्गदर्शन और माता-पिता के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि कॉलेज के लिए गर्व का विषय है। कॉलेज हमेशा शिक्षा से संस्कार की ओर मोटो के माध्यम से छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा इस उपलब्धि से प्रेरित होकर अन्य छात्राओं में भी पढ़ाई के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह देखने को मिलेगा। कॉलेज प्रबंध कार्यकारिणी के प्रधान मुकेश कुमार भट्ठेवाले, उप प्रधान मनीष अग्रवाल, सचिव प्रवीन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष प्रमिला भार्गव ने भी इस सफलता पर समस्त स्टाफ व छात्राओं को बधाई दी।

### वाईआरसी और एनएसएस वॉलेंटियर्स ने निकाली नशा मुक्त जागरूकता रैली




रेवाड़ी। नशामुक्त जागरूकता रैली निकालते एनएसएस और वाईआरसी के वॉलेंटियर्स।

रेवाड़ी। अहीर कॉलेज में वीरवार को यूथ रेडक्रॉस व एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के दौरानवाईआरसी और एनएसएस वॉलेंटियर्स ने नशा मुक्त जागरूकता रैली में नारों और पोस्टरों के माध्यम से आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक किया। प्राचार्या डा. उर्मिला शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता अभियान के माध्यम से छात्र न केवल सामाजिक जिम्मेदारियों को समझते है, बल्कि वे स्वंय भी समाज में बदलाव लाने के वाहक बनते है। यूथ रेडक्रॉस प्रभारी प्रो. रेनू यादव के नेतृत्व में नशा मुक्त पखवाड़ा के तहत ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। छात्रों को क्विज के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों और इससे दूर रहने के उपायों के बारे में अवगत कराया गया। एनएसएस प्रभारी प्रो. आशु रानी ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी प्रेरित करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर राजकुमारी, कृषि विज्ञान केंद्र व वाईआरसी और एनएसएस के सभी वॉलेंटियर्स मौजूद थे।

### शिक्षण सत्र से शिक्षकों को अपने कौशल और दृष्टिकोण को निखारने का अवसर मिलताः मनीष

रेवाड़ी। शिक्षा की उभरती मांग को पूरा करने के लिए, निरंतर कौशल विकास समय की मांग है, जिसको लेकर आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल धारूहेड़ा परिसर में माइक्रो-शिक्षण सत्र की शुरूआत की गई, जिसका शीर्षक अध्यापन रखा गया। इस पहल का उद्देश्य प्रभावी शिक्षण विधियों और अनुभवों को साझा करने के लिए प्रोत्साहित करना, समग्र कक्षा शिक्षण गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में एक ठोस कदम है। शिक्षण सत्र में आरपीएस समूह की सभी 17 शाखाओं से शिक्षकों को आमंत्रित किया गया। सभी शाखाओं से आए अध्यापक- अध्यापिकाओं ने अपने-अपने विषय का व्याख्यान दिया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के महत्त्वपूर्ण विषयों हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान व अंग्रेजी पर विचार रखे। आरपीएस समूह की अध्यक्षा डा. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव,आरपीएस स्कूल धारूहेड़ा की प्राचार्या रमनप्रीत कौर, धारूहेड़ा की मध्य प्रभाग प्रभारी वर्षा कुंडू व आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल धारूहेड़ा की प्राचार्या विजयश्री दंडवते ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर पवित्रा राव ने कहा कि शिक्षा के उभरते परिदृश्य में शिक्षण विधियां सीखने के अनुभव को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सीईओ मनीष राव ने कहा कि इस तरह के सत्र आयोजित करने से शिक्षकों को अपने कौशल और दृष्टिकोण को निखारने का अवसर मिलता है, क्योंकि व्याख्यान के बाद शिक्षक साथियों व सलाहकारों से रचनात्मक प्रतिक्रिया मिलती है,जिससे शिक्षण विधियों में संशोधन व शिक्षण रणनीतियों की पहचान करने का प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने कहा कि आरपीएस आरपीएस के विद्यार्थियों ने एनडीए, नीट और जेईई जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में भी बेहतर उपलब्धि हासिल की है।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में उपस्थित आरपीएस के शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

मौसम एक सप्ताह तक इसी तरह का बना रहने के आसार, हवा में नमी बढ़ने से उमस भरी गर्मी से राहत नहीं

## बिना बरसे ही लौट रहे बदरा, मौसम साफ होते ही चढ़ा पारा

- आने वाले सप्ताह में अच्छी बरसात की संभावना जताई जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



रेवाड़ी। वीरवार दोपहर को शहर में छाए बरसात के बादल। फोटो :हरिभूमि

आसमान में बादल गहराने के बाद बिना बरसे ही लौट रहे हैं। तेज धूप खिलते ही भारी गर्मी पसीना निकाल रही है। हवा में नमी बढ़ने से उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता कम हो रही है, जिससे अच्छी बरसात की संभावनाएं भी क्षीण पड़ने लगी हैं। लगभग एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। आने वाले सप्ताह में अच्छी बरसात की संभावना जताई जा रही है। वीरवार को सुबह के समय आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर तक बादल साफ हो गए। इसके बाद तेज धूप निकली, परंतु दोपहर बाद आसमान में बादल गहरा गए। अधिकतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 35.5 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री की मामूली कमी के साथ 24.0 डिग्री पर आ गया। 14 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं, जबकि नमी का प्रतिशत 65 रहा। वातावरण में नमी के कारण मौसम चार दिन से चिपचिपा बना हुआ है। चिपचिपाहट के कारण भारी उमस लोगों को जमकर परेशान कर रही है। दोपहर बाद तक उमस भरी जमकर पसीना निकालती है। शाम के समय आसमान में बादल गहराने और तेज हवाएं चलने से कुछ हद तक राहत मिलती है। कूलरों की हवा उमस का असर कम करने की बजाय बढ़ा रही है। घरों में भी कूलर चलाने से वातावरण में चिपचिपाहट बढ़ जाती है। बारिश का सिलसिला फिलहाल रुक गया है, गर्मी का प्रकोप फिर से बढ़ना शुरू हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार विक्षोभ की सक्रियता में कमी आने से मानूसन एक्टिव नहीं हो पा रहा है। एक सप्ताह तक मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिलेगा। तापमान में भी उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

### मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ने लगा

तीन दिन पहले हुए अच्छी बरसात के बाद वातावरण में नमी ने मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ा दिया है। इससे मलेरिया और डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़नी शुरू हो सकती है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभी तक फोगिंग शुरू नहीं कराई गई है। रात के समय मच्छर लोगों की नींद हराम करने लगे हैं। ज्यादा बरसात होने पर मच्छरों का प्रकोप और बढ़ सकता है। किसान इस समय खेतों में बाजरे की बिजाई करने में लगे हुए हैं। इस माह के अंत तक बाजरे की बिजाई का कार्य भी पूरा हो जाएगा।

## यादव कल्याण सभा का फ्री स्वास्थ्य कैंप व मासिक बैठक रविवार को

- मरीजों को ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाइयां प्रदान की जाएगी
- लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथेरेपी में फ्री सेवाएं देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

यादव कल्याण सभा की ओर से 29 जून को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों को ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां प्रदान की जाएगी। यादव कल्याण सभा के प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. तरुण यादव गुर्दारोग, डा. प्रशांत यादव हड्डीरोग, डा. गौरव यादव सर्जरी, डा. अजीत सिंह यादव चर्मरोग, डा. मनीष यादव ईएनटी व डा. सुमन यादव स्त्रीरोग के मरीजों को ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथेरेपी में फ्री सेवाएं देंगे।

प्रवक्ता ने बताया कि मेडिकल कैंप के बाद 11 बजे यादव कल्याण सभा की मासिक बैठक प्रधान रामबीर यादव की अध्यक्षता व मुख्य संरक्षक महंत लालदास महाराज के सानिध्य में आयोजित की जाएगी। मासिक बैठक में सभा की आय-व्यय व महीने की विभिन्न गतिविधियों का ब्योरा पेश किया जाएगा।

अनोखे पक्षी / रजनी अरोड़ा

# तेज गति से उड़ने वाले बिग बर्ड्स

बच्चो, तुमने आसमान में उड़ते हुए छोटे-बड़े कई तरह के पक्षी देखे होंगे। छोटे पक्षी तो फुर्र-फुर्र आसानी से इधर-उधर उड़ लेते हैं। लेकिन दुनिया में कई बड़े आकार के भी ऐसे पक्षी हैं, जो बहुत तेज गति से उड़ते हैं और लंबी दूरियां तय करते हैं। यहां हम तुम्हें कुछ बहुत ही तेज गति से उड़ने वाले बिग बर्ड्स के बारे में बता रहे हैं।



### स्पर-विंग गूस

**इसे दुनिया** के सबसे बड़े हंस प्रजाति के पक्षी रूप में जाना जाता है। एडल्ट स्पर-विंग गूस, लगभग 75 सेंटीमीटर लंबा और 4.8 किग्रा वजन का होता है। 142 किमी या 88 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ने की क्षमता के कारण इसकी गिनती दुनिया की सबसे तेज उड़ने वाले पक्षियों में होती है। यह मुख्यतः उप सहारा अफ्रीका के झीलों, नदियों के पास जमीन पर बनाए घोंसलों में रहते हैं। *



### पिनटेल डक

इस पक्षी के पूंछ के पंख सिरे पर पिन की तरह लंबे और पतले होते हैं, इसीलिए इसे 'प्वॉइंटी डक' भी कहा जाता है। पिनटेल डक के पंखों का फैलाव 23.28 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह 105 किमी या 65 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ये यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका के देशों में बड़ी तादाद में पाए जाते हैं। *

### ऐडर डक

बड़े आकार के समुद्री बत्तखों में ऐडर डक को भी शामिल करते हैं। ये डक 50 सेंटीमीटर से भी अधिक लंबे हो सकते हैं और 113 किमी या 70 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ऐडर डक मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका, उत्तरी यूरोप और पूर्वी साइबेरिया के उत्तरी भाग में पाए जाते हैं। *





### स्पाइन-टेल्ड स्विफ्ट

171 किलोमीटर (105 मील) प्रति घंटा की स्पीड से उड़ान भरने वाले स्पाइन-टेल्ड स्विफ्ट, दुनिया की सबसे तेज उड़ने वाली बर्ड्स में से एक है। काले रंग के स्विफ्ट बर्ड के गले पर सफेद रंग के बाल होते हैं, इसलिए इसे 'व्हाइट थ्रोटेड नीडल टेल' के नाम से भी जाना जाता है। ये पक्षी मध्य एशिया, साइबेरिया, पूर्वी और उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में पाए जाते हैं। जमीन पर उतरने के बजाय ये अपना अधिकांश जीवन उड़ते हुए और पहाड़ों पर बनाए अपने घोंसले में बिताते हैं। ये आसमान में उड़ने वाली छोटी बर्ड्स और कीड़े खाते हैं। *


### फ्रिगेट बर्ड

समुद्री जीवों में फ्रेगाटा परिवार की पांच प्रजातियों में से एक है फ्रिगेट बर्ड। ये पक्षी 153 किमी (95 मील) प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ये आकार में काफी बड़े होते हैं, जिससे ये न तो पानी में आसानी से तैर पाते हैं और न ही जमीन पर चल पाते हैं। लेकिन ये बहुत तेजी से समुद्र में डाइव लगाकर मछलियों, जेली फिश, स्क्विड जैसे समुद्री जंतुओं का शिकार कर लेते हैं। नर फ्रिगेट पक्षी के गले में लाल थैली होती है, जिसे वह मादा फ्रिगेट को आकर्षित करने के लिए फुलाता है। फ्रिगेट बर्ड्स, ज्यादातर मध्य और उत्तरी अमेरिका के देशों में पाए जाते हैं। *




### रेड चेस्ट डाइविंग डक

अपनी दांतदार चोंच के कारण ये पक्षी 'मरगस सरेटर' नाम से भी जाने जाते हैं। ये 51.62 सेंटीमीटर तक लंबे हो सकते हैं। इसके पंखों का फैलाव 70.86 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह डक 129 किमी या 80 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकता है। रेड चेस्ट डक पानी के अंदर डाइव लगाकर काफी देर तक रह सकता है। ये पक्षी मछलियां, कीड़े और मेंढक आदि खाते हैं। यह डक मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका, ग्रीनलैंड, यूरोप और एशिया के देशों में मिलते हैं। *



### कैनवास बैक डक

यह उत्तरी अमेरिका के देशों में पाया जाने वाला सबसे बड़े आकार का डाइविंग डक है। यह लगभग 80 सेंटीमीटर तक लंबा हो सकता है और इसके पंखों का फैलाव 48.56 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह 124 किमी या 77 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकता है। इनकी खासियत है कि ये अपने साथियों के साथ झुंड में वी-शेप बनाकर आकाश में उड़ते हैं। ये जलीय वनस्पति खाते हैं। सर्दियों के दौरान यह मिसीसिपी नदी के आस-पास के गर्म इलाकों में माइग्रेट करते हैं। *



जानकारी / नयनतारा

# कब की जाती है मेडे कॉल

बच्चो, पिछले दिनों अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश की दुर्घटना के बाद न्यूज चैनल्स, न्यूज पेपर्स और सोशल मीडिया पर तुम बार-बार एक शब्द 'मेडे कॉल' के बारे में सुन या पढ़ रहे होगे। क्या तुम जानते हो यह कॉल क्या होती है और कब की जाती है?



बच्चो, बीते 12 जून 2025 को अहमदाबाद (गुजरात) में एयर इंडिया का एक एयरो प्लेन एआई 171 उड़ान भरने के कुछ पलों बाद ही क्रैश हो गया था। प्लेन क्रैश से कुछ समय पहले प्लेन के कैप्टन यानी पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर से संपर्क करते हुए 'मेडे कॉल' जारी की थी। जानो 'मेडे कॉल' के बारे में।

**कहां से आया टर्म 'मेडे':** यह शब्द फ्रेंच भाषा के प्रचलित फ्रेज 'म'आइडर' से बना है, जिसका अर्थ होता है 'हेल्प मी' यानी मेरी मदद करो। चूंकि यह फ्रेंच फ्रेज सुनने में 'मेडे' जैसा प्रतीत होता है, इसलिए 'म'आइडर' की जगह 'मेडे' प्रचलित हो गया। अब तो हवाई उड़ान के दौरान आई इमरजेंसी से संबंधित 'मेडे' शब्द को दुनिया के लगभग सभी देशों के लोग समझते हैं। प्रायः हर देश और हर कंपनी की विमान सेवा में इमरजेंसी मैसेज के लिए 'मेडे कॉल' टर्म का ही यूज किया जाता है।



**ऐसे हुई मेडे कॉल की ऑफिसियल शुरुआत:** इस शब्द की शुरुआत 1923 में लंदन के क्रायडन एयरपोर्ट के वरिष्ठ रेडियो अधिकारी फ्रेडरिक मोकफोर्ड के आग्रह पर हुई और 1948 में इसे आधिकारिक (ऑफिसियल) बना दिया गया।

**क्यों कहते हैं इसे मेडे कॉल:** प्लेन की उड़ान के दौरान जब पायलट को लगता है कि एयरो प्लेन खतरे में है, तो वह 'मेडे, मेडे, मेडे...' पुकारता है। यह संकट में दिया गया रेडियो सिग्नल है। जैसे ही एयर ट्रैफिक नियंत्रण करने वाले 'मेडे कॉल' को सुनते हैं, वे जान जाते हैं कि एयरो प्लेन संकट में है और उसे मदद की जरूरत है।

**तब करते हैं मेडे कॉल:** मेडे कॉल एक आपात संदेश (इमरजेंसी मैसेज) होता है। इसे एयरो प्लेन का पायलट उस समय करता है, जब विमान किसी गंभीर संकट में हो और यात्रियों या क्रू मेंबर्स की जान को खतरा हो। विमान का इंजन फेल होना, खराब मौसम, नेविगेशन सिस्टम की विफलता, किसी यात्री की अचानक तबियत खराब हो जाना या पायलट द्वारा हवाई जहाज का नियंत्रण खो देना... इस तरह की आपात कालीन परिस्थितियों में मेडे कॉल किया जाता है। *

तुम्हारे लिए नई किताबें / विज्ञान भूषण

# जानवरों-पक्षियों पर कविताएं

बच्चो, तुम अपने आस-पास कई तरह के जानवरों और पक्षियों को देखते होगे। कुछ जानवर और पक्षी तुमने चिड़ियाघर यानी जू में देखे होंगे। लेकिन उनमें से कई जानवर और पक्षी ऐसे होंगे, जिनके बारे में तुम बिल्कुल नहीं या बहुत कम जानते हो। हाल में ही दो ऐसी नई किताबें छपकर आई हैं, जिनमें अनेक पालतू और जंगली पशु-पक्षियों के बारे में कविता के माध्यम से जानकारी दी गई है। 'कितने प्यारे जानवर हमारे' और 'कितने प्यारे पंछी हमारे' शीर्षक वाली इन किताबों में प्रसिद्ध बाल साहित्यकार डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल ने सरल और प्यारी कविताओं में देश-दुनिया में पाए जाने वाले कई पशु-पक्षियों के आकार, उनकी शारीरिक विशेषताओं, उनके स्वभाव, उनके निवास और उनसे जुड़ी कहावतों की जानकारियां दी हैं। मोर कविता में वह लिखते हैं, *'राष्ट्रीय पक्षी भारत का/कहा मोर ही जाता/सुंदर पंखों के कारण है/मन को बेहद भाता।'* तो गौरैया कविता में लिखते हैं, *'इधर-उधर जब चहका करती/लगती प्यारी-प्यारी/गौरैया अब संख्या में कम/चिंता बढ़ी हमारी।'* इसी तरह भालू कविता में वे लिखते हैं, *'बजा डुगडुगी खूब मदारी/इसको नाच नचाता/भालू खुश होकर बच्चों के/मन को है बहलाता।'* ऐसी ही बहुत सी कविताएं इन दोनों किताबों में संकलित हैं। इन कविताओं को पढ़ने में तुमको सच में बहुत मजा तो आएगा ही, ढेरों जानवरों, पक्षियों के बारे में काफी कुछ जानने को भी मिलेगा। *




**किताबें :** 'कितने प्यारे जानवर हमारे' और 'कितने प्यारे पंछी हमारे'
**लेखक :** डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल, **मूल्य :** 150 रुपए (प्रत्येक)
**प्रकाशक :** सूर्य भारती प्रकाशन, दिल्ली

# जीतू को आई समझ

जीतू का पढ़ाई में बिल्कुल मन नहीं लगता था। लेकिन खेलने में खूब मजा आता था। अकसर अपने मम्मी-पापा से बिना बताए वह स्कूल बंक करके पार्क में बच्चों के साथ क्रिकेट खेलने लगता। लेकिन एक दिन शूज पॉलिश करने वाले एक बूढ़े बाबा ने उससे कुछ ऐसा कहा कि जीतू ने मन लगाकर पढ़ाई करने का संकल्प कर लिया।

कहानी
सरस्वती रमेश



जीतू के मम्मी-पापा मजदूरी करते हैं। सुबह-सुबह जीतू की मम्मी उसे तैयार कर स्कूल भेज देती हैं। उसके बाद पापा के साथ वह भी काम पर चली जाती हैं। जीतू का पढ़ाई में बिल्कुल भी मन नहीं लगता। उसका स्कूल जाने का भी मन नहीं करता है। स्कूल के पास ही एक बड़ा-सा मैदान है। वहां ढेरों बच्चे खेलते रहते हैं। उनको देखकर जीतू का भी मन करता है कि वह भी स्कूल जाने के बजाय उन बच्चों के साथ खेले।

एक दिन जीतू स्कूल जा रहा था। मैदान में बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। तभी गेंद उसके सामने आ गिरी। खेल रहे बच्चे चिल्लाने लगे, 'गेंद फेंको.. गेंद फेंको।' जीतू ने गेंद उनकी तरफ फेंक दी फिर कुछ देर वहीं खड़े होकर उन बच्चों का खेल देखने लगा। थोड़ी देर बाद क्रिकेट खेल रहे बच्चों के पास जाकर जीतू बोला, 'मुझे भी अपने साथ में क्रिकेट खेलने दो।'

'ठीक है, वहां फील्डिंग पर लग जाओ।' बैटिंग कर रहे लड़के ने इशारा करते हुए जीतू से कहा। जीतू खुश हो गया। उसे खेलने में बड़ा मजा आ रहा था। खेलते-खेलते दोपहर हो गई। बच्चे अपने-अपने घर जाने लगे। जीतू भी बस्ता टांग कर अपने घर वापस लौट आया।

अगले दिन से जीतू स्कूल जाने के लिए घर से निकलता लेकिन स्कूल जाने के बजाय मैदान में बच्चों के साथ खेलने लगता। खेलने में उसे बड़ा मजा आता। अब न पढ़ाई का प्रेशर था, न होमवर्क करने की चिंता। रोज-रोज स्कूल बंक कर बच्चों के साथ खेलना उसकी आदत बन गई।

मैदान के बगल वाली सड़क पर एक बूढ़े बाबा जूते पॉलिश करते थे। आते-जाते जीतू उन्हें रोज देखता। एक दिन जीतू खेलने के बाद घर जा रहा था। उसने देखा कि बूढ़े बाबा किताब पढ़ रहे हैं। उसे बड़ा आश्चर्य हुआ। वह उनके पास जाकर बोला, 'बाबा, आप तो जूते पॉलिश करने का काम करते हैं। आज आप किताब क्यों पढ़ रहे हैं?'

'क्योंकि मैं जान गया हूं कि पढ़ाई-लिखाई जीवन में बहुत जरूरी है।' बाबा ने कहा। 'कैसे जान गए... ऐसा क्या हुआ?' जीतू ने हैरानी से पूछा।

'बेटा, मैं सिर्फ दूसरी कक्षा तक पढ़ा हूं। अक्षर पहचान लेता हूं। लेकिन अच्छी तरह पढ़ना नहीं जानता। मेरे पोते को कुछ दिनों से खांसी आ रही थी। दवा का नाम ना पढ़ पाने के कारण मैंने उसे खांसी की दवा पिलाने की बजाय घाव साफ करने वाली दवा पिला दी, जिससे मेरे पोते की तबियत और बिगड़ गई। उसे अस्पताल ले जाना पड़ा। असल में दोनों दवाओं का रंग एक जैसा था। मुझे समझ नहीं आया। अगर मैं पढ़ा-लिखा होता तो यह गलती कभी ना होती। दवा का नाम पढ़ लेता। अब मेरा पोता ठीक हो गया है। मैंने उसका दाखिला स्कूल में करा दिया है और अपने लिए भी किताबें खरीद लाया हूं। खाली समय में अब मैं भी किताबें पढ़ता हूं।' बूढ़े बाबा ने बताया।

'लेकिन मुझे तो पढ़ना बिल्कुल पसंद नहीं है। पढ़ाई के लिए तो बहुत मेहनत करनी पड़ती है, बहुत दिमाग खपाना पड़ता है। इसलिए मैं स्कूल जाने की बजाय यहां पार्क में खेलने चला आता हूं।' जीतू ने बताया।

जीतू की बात सुनकर बाबा ने उसे समझाते हुए कहा, 'बेटा, मेहनत और लगन से पढ़ाई-लिखाई करने वाले आगे चलकर अच्छे और सफल इंसान बनते हैं। देश के लोगों की सेवा करते हैं। सेना में भर्ती होते हैं, पुलिस बनते हैं, डॉक्टर या इंजीनियर बनते हैं। पढ़-लिखकर बहुत-से अच्छे काम किए जा सकते हैं, जो बिना पढ़े-लिखे संभव नहीं है। तुमको स्कूल जरूर जाना चाहिए।'

बाबा की बातें सुनकर जीतू सोच में पड़ गया। उसके मम्मी-पापा को भी पढ़ना नहीं आता। इसलिए उन्हें धूप में मजदूरी करनी पड़ती है। अगर स्कूल नहीं जाएगा, तो वह भी अनपढ़ रह जाएगा। जरूरत पड़ने पर दवाइयों के नाम भी नहीं पढ़ पाएगा। ऐसे तो बड़े होकर उसे भी मजदूरी जैसा कोई काम करना पड़ेगा। जीतू को अपने स्कूल बंक करने की आदत पर बहुत पछतावा होने लगा। 'बाबा, अब मैं रोज स्कूल जाऊंगा। मन लगाकर पढ़ाई करूंगा। बड़ा होकर डॉक्टर बनूंगा।' जीतू ने जोश के साथ बूढ़े बाबा से कहा।

'शाबाश! बहुत बढ़िया। खूब पढ़ो.. आगे बढ़ो।' बाबा ने जीतू के सिर पर हाथ रखकर कहा। *

कविता
सिराज अहमद



## ढुक ढुक ढुक

चला सैर को बंटी बंदर
बहुत दिनों था घर के अंदर
कैब फोन से कर ली बुक
ढुक ढुक ढुक- ढुक ढुक ढुक
विंडो के फिर पास बैठकर
पैर चढ़ाकर एक पैर पर
बाहर करता लुक लुक लुक
ढुक ढुक ढुक- ढुक ढुक ढुक
दिखा रास्ते में एक हाथी
था उसका बचपन का साथी
हाल-चाल पूछा फिर रुक
ढुक ढुक ढुक- ढुक ढुक ढुक
दिनभर करके सैर सपाटा
खाते-पीते मौज उड़ाता
लौटा घर को पढ़ते बुक
ढुक ढुक ढुक- ढुक ढुक ढुक

## जीके क्विज-159

1. आईसीसी की ताजा रैंकिंग के अनुसार विश्व की बेस्ट वन-डे महिला बैटर कौन बनी हैं?
2. हाल ही में किस देश ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया है?
3. हरियाणा के वर्तमान राज्यपाल का क्या नाम है?
4. रातापानी टाइगर रिजर्व किस प्रदेश में स्थित है?
5. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
6. ज्ञानपीठ पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है?
7. विश्व जनसंख्या दिवस कब मनाया जाता है?
8. 'हिंद स्वराज' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
9. हर वर्ष निकाली जाने वाली रथ यात्रा का संबंध किस मंदिर से है?
10. हमारा पड़ोसी देश श्रीलंका किस महासागर के बीच में स्थित है?



**बच्चों, जीके क्विज-159 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-158 का उत्तर :** 1.महेंद्र सिंह धोनी, 2.ऋषभदेव, 3.जम्मू-कश्मीर, 4.छत्तीसगढ़, 5.कार्बन डाइऑक्साइड, 6.केराटिन, 7. 1576 ई., 8. 1 जुलाई, 9.प्लैटिनम, 10.बछेंद्री पाल

**जीके क्विज-158 का सही उत्तर देने वाले :** स्वप्निल-रायगढ़, ममता-सीतापुर, लालिमा-गरियाबंद, राम-राजनांदगांव, सौम्या-रायगढ़, कबीर-हिसार, मीनाक्षी-रायपुर, पंकज-भोपाल, अनुज-बेमेतरा, प्रियंका-बिलासपुर, कुश-महासमुंद

## रंग भरो-178

**रंग भरो-178** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





शौर्य, रोहतक



भव्या, बिलासपुर



तन्वी, रोहतक



वेदिका, बालोद



रेयांश, बिलासपुर



समृद्धि, शहडोल

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रितेश-मटियारी, प्रिया-रायपुर, संतोष-भोपाल, अमन-रोहतक, रुचि-जबलपुर, निखिल-महासमुंद, अंचित-रायगढ़, कविता-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, लक्ष्य-कोरबा

## रंग भरो 179

बच्चो, यहां दो बिल्लियों का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



खबर संक्षेप

### मालगाड़ी की चपेट से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**मंडी अटेली।** रेवाड़ी-फुलेरा रेलवे लाइन पर अटेली कस्बे की शमशान भूमि के समीप एक व्यक्ति मालगाड़ी चपेट में आने से लगभग 30 मिनट तक तड़फता रहा। मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से उसको नारनौल अस्पताल भर्ती कराया। व्यक्ति पे को अधिक पीड़ा होने पर उसने दम तोड़ दिया। सायं छह बजे के बाद मृतक व्यक्ति की पहचान अटेली गांव निवासी 45 वर्षीय नरेश कुमार के रूप में हुई।

### राजकीय आईटीआई में रक्तदान शिविर आज

**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 27 जून को सुबह नौ बजे भारतीय स्टेट बैंक रेवाड़ी रोड शाखा के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आईटीआई प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल ने बताया कि 27 जून को आईटीआई कैंपस में होने वाले रक्तदान शिविर में अपनी स्वेच्छा से कोई भी रक्तदान कर सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वह इस रक्तदान पर शिविर में पहुंचकर अधिक से अधिक रक्तदान करें।

### बिहाली में सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**मंडी अटेली।** श्री बाल गोपाल गोशाला बिहाली में आज 27 जून को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गो पूजन कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। गोशाला प्रधान ने बताया कि प्रातः सवा नौ बजे हवन किया जाएगा। उसके बाद गोशाला में पौधारोपण कर गो पूजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अटेली के तहसीलदार संजीव नगर व भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुनील मुसेपुर तथा चमेली देवी सैदपुर रहेगी।

### रेल किराये में वृद्धि करने पर जताया रोष

**नारनौल।** बहुजन समाज पार्टी के नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने केन्द्र सरकार की ओर से रेल किराये में वृद्धि करने पर रोष प्रकट करते हुए किराया वृद्धि को वापस लेने की मांग की है। अतरलाल ने किराया वृद्धि को जनविरोधी बताते हुए कहा सरकार ने साधारण डिब्बों की संख्या में कमी करके गरीब लोगों की दिक्कतें बढ़ा दी है।

## रेलमार्ग पर अटेली, काठूवास व कुंड स्टेशनों पर चल रहा पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य

# फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी रेलखंड के मध्य चल रहा दोहरीकरण नॉन इंटरलॉकिंग कार्य

रेलवे प्रवक्ता ने बताया कि कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से जयपुर मंडल के फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी रेलखंड के मध्य अटेली-काठूवास-कुंड स्टेशनों पर दोहरीकरण कार्य के कारण नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। रेलवे प्रवक्ता ने बताया कि कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी। कार्य क्र कारण रेलसेवाएं रद व मार्ग परिवर्तित रहेगी तथा कुछ ट्रेनें अटेली स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी।



रेवाड़ी। रेवाड़ी रेलमार्ग से गुजरते हुए एक्सप्रेस ट्रेन। फोटो : हरिभूमि

### प्रारंभिक स्टेशन से रद रेलसेवाएं

गाड़ी संख्या 19619 फुलेरा-रेवाड़ी एक्सप्रेस रेलसेवा 1 अगस्त से 27 अगस्त तक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 19622 रेवाड़ी-फुलेरा एक्सप्रेस 2 अगस्त से 28 अगस्त तक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 14705 भिवानी-ढेहर का बालाजी एक्सप्रेस रेलसेवा 20 अगस्त से 27 अगस्त तक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 14706 ढेहर का बालाजी-भिवानी एक्सप्रेस रेलसेवा 20 अगस्त से 27 अगस्त तक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 19620 रेवाड़ी-फुलेरा एक्सप्रेस ट्रेन 20 अगस्त से 27 अगस्त तक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 19621 फुलेरा-रेवाड़ी एक्सप्रेस रेलसेवा 20 अगस्त से 27 अगस्त तक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 19618 रेवाड़ी-मदार एक्सप्रेस रेलसेवा 20 अगस्त से 27 अगस्त तक रद रहेगी।

### इन रेलसेवाओं का रहेगा मार्ग परिवर्तित

गाड़ी संख्या 14087 दिल्ली-जैसलमेर रेलसेवा 1 अगस्त से 27 अगस्त तक दिल्ली से प्रस्थान करके निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा खैरथल, अलवर, बांदीकुई, दौसा, गांधीनगर जयपुर व जयपुर स्टेशन पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 14088 जैसलमेर-दिल्ली रेलसेवा 1 अगस्त से 27 अगस्त तक जैसलमेर से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फुलेरा-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, अलवर एवं खैरथल स्टेशन पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 22452 चंडीगढ-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा 3 अगस्त, 6, 10, 13, 17, 20, 24 एवं 27 अगस्त को चंडीगढ से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग रेवाडी-रींगस-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा अलवर, बांदीकुई, गांधीनगर जयपुर व जयपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

### इन रेलसेवाओं का अटेली स्टेशन पर नहीं होगा ठहराव

गाड़ी संख्या 20473 दिल्ली सराय-उदयपुर सिटी रेलसेवा 22 अगस्त से 27 अगस्त तक दिल्ली सराय से प्रस्थान करके अटेली स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 20474 उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय रेलसेवा 21 अगस्त से 26 अगस्त तक उदयपुर सिटी से प्रस्थान करके अटेली स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी।

## प्रोडक्ट रेटिंग के नाम पर ठगी का चौथा आरोपी भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने एक युवती को प्रोडक्ट रेटिंग के बदले मोटे मुनाफे का लालच देकर 1.16 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

खालेटा निवासी एक युवती ने अपनी शिकायत में बताया था कि गत 10 अप्रैल को उसका संपर्क एक महिला से टेलीग्राम आईडी पर हुआ था। उसे बताया गया था कि प्रोडक्ट को रेटिंग देकर अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। टेलीग्राम पर हुई बातचीत के आधार पर उसने बताए गए खाता नंबरों पर तीन बार में 1 लाख 16 हजार 462 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उसने पैसा रिफंड करने का प्रयास किया, तो उससे और पैसा जमा कराने को कहा गया। इसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ। जिस पर पुलिस ने साइबर थाना रेवाड़ी में ठगी का मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त तीन आरोपी राजस्थान के जिला झुंझुनू के गांव भागोरिया की ढाणी निवासी पवन कुमार, जिला झुंझुनू के परशुरामपुरा निवासी राहुल योगी व मध्य प्रदेश के जिला इंदौर के गांव बाराभाई लालबाग निवासी नितान्शु होलकर को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। प्रारंभिक पूछताछ के बाद इस बात का खुलासा हुआ था ।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी गोविन्द उर्फ गोविन्द मोयल।

### पवन के खाते में गए

पवन कुमार के खाते से करीब 40 हजार रुपये की राशी गई थी। आरोपी नितान्शु होलकर के खाते में 74 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे। गोविन्द उर्फ गोविन्द मोयल ने पवन कुमार से बैंक खाता लेकर, आरोपी राहुल योगी के माध्यम से कमीशन के आधार पर आगे साइबर ठगों को उपलब्ध करवाया था। जो इस मामले में पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी राजस्थान के जिला झुंझुनू के गांव पुजारी की ढाणी निवासी गोविन्द उर्फ गोविन्द मोयल को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## नशा समाज के लिए गंभीर चुनौती, समाज का प्रत्येक वर्ग अग्रणी भूमिका निभाएं: डीएसपी

- नशा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है और इस चुनौती से निपटने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आकर अग्रणी भूमिका निभानी होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बावल


रेवाड़ी। सोसायटी वासियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाती पुलिस।

नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों और अवैध नशा तस्करी के खिलाफ वीरवार को अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर जिला पुलिस प्रशासन की ओर से गढ़ी बोलनी रोड स्थित सोसायटी में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएसपी बावल सुरेन्द्र श्योराण, प्रबंधक थाना मॉडल टाउन निरीक्षक सीमा कुमारी व बड़ी संख्या में सोसायटी वासी मौजूद रहे। इस अवसर पर डीएसपी श्योराण ने कहा की नशा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है और इस चुनौती से निपटने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आकर अग्रणी भूमिका निभानी होगी। सभी युवा अपनी ऊर्जा शिक्षा तथा खेलों में लगाएं तथा बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने मां-बाप के सपनों को साकार कर अपने इलाके का नाम रोशन करें। मां-बाप अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखें तथा अपने बच्चों को नशे से दूर रहकर शिक्षा तथा खेलकूद की गतिविधियों में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वालों की असली जगह जेल में है, इसलिए नशे का कारोबार करने वालों की सूचना निःसंकोच होकर पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि यदि कोई युवा किसी वजह से गलत संगत का शिकार होकर नशे का आदी हो गया है तो उसे नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें, जिला पुलिस भी इसमें पूरा सहयोग करेगी।

## जिले को मादक पदार्थों से मुक्ती के लिए उठाएं कदम

- जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन के साथ-साथ विद्यालय व महाविद्यालय के विद्यार्थियों को नशा न करने के बारे में जागरूक किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी




रेवाड़ी। नारकोटिक्स विभाग की समन्वय कमेटी को संबोधित करते डीसी।

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि नशे के प्रति बच्चों में जागरूकता लाने के लिए राजकीय विद्यालयों में आवश्यक कार्यक्रम आयोजित किए जाए। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग तथा वन विभाग के अधिकारी भांग के पौधों को नष्ट करें। डीसी वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में नारकोटिक्स विभाग की समन्वय कमेटी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन के साथ-साथ विद्यालय व महाविद्यालय के विद्यार्थियों को नशा न करने के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की लत से रोकने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। डीसी ने कहा कि भारत सरकार ने मानस पोर्टल को नशा विरोधी मुहिम को गति देने के लिए तैयार किया है। इस पोर्टल पर नशा पीड़ति व्यक्ति पुनर्वास के लिए सहायता प्राप्त कर सकता है। युवाओं को नशे की लत से बचाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा टोल फ्री ड्रग हेल्पलाइन नंबर-9050891508 जारी किया गया है। जिला प्रशासन ने नशा रोकने के लिए 18001803783 टोल फ्री नंबर जारी किया हुआ है, जिस पर किसी मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित दवाइयां बेचे जाने, बच्चों को टॉफी या चॉकलेट खिलाने के बहाने नशीला पदार्थ देने जैसे मामलों की सूचना दी जा सकती है। हरियाणा सरकार की नीतियों के अनुसार जिला प्रशासन ने भी नशा रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति को अपनाया हुआ है।

## राष्ट्रीय राजमार्गों को यातायात की दृष्टि से सुरक्षित बनाएं विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी


रेवाड़ी। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि शहर के आसपास राष्ट्रीय राजमार्गों को यातायात की दृष्टि से सुरक्षित बनाया जाना चाहिए। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण व पंचायती राज विभाग सडकों पर साइन बोर्ड लगाने, अवैध कब्जे हटवाने व जर्सी बैरियर लगाने का कार्य शीघ्रता से कराएं। जो भी नए फ्लाईओवर व अंडरपास इन सडकों पर बनाए जाने हैं, उन प्रोजेक्ट को जल्दी पूरा करें। डीसी अभिषेक मीणा ने वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉट्स पर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए दिए गए सुझावों पर अमल होना चाहिए। लोक निर्माण विभाग, एचएसवीपी, राजमार्ग प्राधिकरण, नेशनल हाई-वे पीडब्ल्यूडी व एचएसआईडीसी विभागों के अधीन पाल्हावास, मसानी, गोकलगढ़, आदि गांवों से गुजर रही सडकों पर जो भी ब्लैक स्पॉट पाए गए हैं, उनको आने वाले एक माह में दूर किया जाए। डीसी ने कहा कि पाल्हावास चौक पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से सड़क को 60 मीटर चौड़ा बनाने का कार्य किया जाना है, उसमें बीएंडआर व पंचायती राज विभाग अपना सहयोग दें।

गुरुग्राम बीएंडआर डिवीजन इस मेन रोड पर फुटपाथ व साइनेज बोर्ड की व्यवस्था को ठीक करें। उन्होंने कहा कि जयपुर रोड पर सालावास के समीप अवैध कट बंद किए जाएं। मसानी गांव में डिवाइडर के आगे जर्सी बैरियर लगवाए जाएं तथा गांव गोकलगढ़ के नजदीक मेन रोड पर पंचायती राज विभाग अवैध कब्जे हटवाएं। डीसी ने रेवाड़ी-नारनौल बाईपास पर स्ट्रीट लाईटें लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकुलर रोड का नाला बारिश के बाद दोबारा बनवाया जाए। बीएंडआर के कार्यकारी अभियंता सतेंद्र श्योराण ने बताया कि चौ. रणदीप सिंह हुड्डा चौक से गोपाल देव चौक तक नई आधुनिक सड़क का निर्माण कराने की योजना है। डीसी ने नगर परिषद अधिकारियों को बेसहारा पशुओं को जिले की गोशालाओं में भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर की मुख्य सडकों से कचरे के ढेरों को हटाया जाए, जिससे कि आमजन को परेशानी न हो।

### ये रहे मौजूद

*बैठक में एडीसी राहुल मोदी, एसडीएम सुरेंद्र सिंह, एसडीएम बावल उदय सिंह, सीटीएम प्रीति रावत, डीएसपी विनोद शंकर, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के रीजनल इंजीनियर ओमप्रकाश चौधरी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।*

*जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए सेंपल एम्स की लैब भेजे*

## जिले में चार कोरोना पॉजिटिव केस मिले, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

रेवाड़ी

जिले में कोरोना के 4 नए मामले आने से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। कोरोना के किसी भी मरीज की ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। विभाग ने जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए सेंपल एम्स की लैब भेजे है। नागरिक अस्पताल में 25 जून तक 94 सेंपल लिए गए, जिसकी जांच में 4 पॉजिटिव मिले हैं। इनमें गोकलगढ़ के 47 वर्षीय व्यक्ति, बिठवाना के 75 वर्षीय बुजुर्ग, फिदेड़ी गांव की 25 वर्षीय महिला और कालूवास गांव की 26 वर्षीय महिला शामिल हैं। सभी मरीज खांसी-जुकाम की शिकायत के साथ अस्पताल आए थे। जिले में अब तक 8 कोरोना मरीज मिल चुके हैं, जिनमें से 4 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। वर्तमान में कोरोना के चार एक्टिव केस है।



रेवाड़ी। नागरिक अस्पताल का कोविड़ सेंपल सेंटर। फोटो : हरिभूमि

### काफी दिन से बंद एक ऑक्सीजन प्लांट

अस्पताल में फिलहाल एक ही ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट चालू है तथा दूसरा खराब पड़ा हुआ है, जिसकी सर्विस के लिए फाइल चंडीगढ़ मुख्यालय भेजी गई है। जिले में अब केसों की संख्या बढ़ने लगी है तो ऑक्सीजन प्लांट की जरूरत पड़ने की आशंका दिखाई दे रही है। कोविड़ सर्विलांस अधिकारी डा. भंवर सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से एक्टिव है। सामान्य अस्पताल में 10 बेड का कोविड स्पेशल वार्ड बनाया गया है। इसके अलावा कोविड सेंपलिंग के लिए अलग से काउंटर बनाया गया है। फ्लू कॉर्नर भी बनाया गया है, जिससे बुखार वाले मरीज दूसरे मरीजों के संपर्क में न आएं। डिप्टी सीएमओ डा. भंवर सिंह ने बताया कि सभी मरीजों की निगरानी की जा रही है और स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है।

## युवक का अपहरण कर पैसे वसूलने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

सीआईए धारूहेड़ा इंजार्ज निरीक्षक योगेश हुड्डा की टीम ने कुतुबपुर निवासी एक युवक का अपहरण कर जबरन पैसे वसूलने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला खैरथल के गांव पुर निवासी अंशु के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। रेलवे विभाग में कार्यरत मोहल्ला कुतुबपुर निवासी गौरव ने अपनी शिकायत में बताया था कि गत 23 फरवरी को वह अपनी टाटा पंच कार में अपने दोस्तों के साथ अलवर में एक शादी समारोह में भाग लेने के लिए गया था। रात्रि में अलवर से वापस आने के बाद वह अपने दोस्तों को छोड़ने के लिए रेलवे स्टेशन पर गया था। रेलवे स्टेशन से वापस आते समय कुछ दूर चलने पर उसने लघुशंका के लिए अपनी गाड़ी रोकी तो चार सशस्त्र बदमाशों ने उसको गाड़ी सहित अगवा कर लिया। हथियार के बल पर बदमाशों ने जबरन उससे, उसके दोस्तों से 15 हजार रुपये फोन-पे पर डलवा लिए। बदमाशों ने उससे सोने की चेन, अंगूठी व एटीएम कार्ड छीन लिए। बाद में उसे पटौदी ले जाकर चेन व अंगूठी 70 हजार रुपये में उससे गिरवी रखवा दिए। पैसे लेकर यह लोग उसे राजस्थान के अलवर और जयपुर की ओर ले गए। अलवर के पूरव गांव के पास इन लोगों ने एक लूट के इरादे से एक कार चालक पर गोली चलाई, जबकि जयपुर के आगरा रोड पर भी स्विफ्ट कार चालक पर फायर किया। आरोपी उसे 28 फरवरी की रात को गाड़ी सहित रेवाड़ी छोड़कर फरार हो गए। उसके घर नहीं लौटने पर उसकी पत्नी ने 25 फरवरी को थाना रामपुरा में उसकी गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था।


रेवाड़ी। सीआईए की गिरफ्त में आरोपी अंशु। फोटो : हरिभूमि

**कार्रवाई** बावल तथा धारूहेड़ा कस्बों में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए: डीसी

## अवैध कॉलोनियों पर जेसीबी मशीन चलाएं विभाग: मीणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में जिला नगर योजनाकार व खनन के अधिकारियों के साथ बैठक की। डीसी ने जिला नगर योजनाकार मंदीप सिहाग को निर्देश दिए बावल तथा धारूहेड़ा कस्बों में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि सरकार की अनुमति के बिना जो भी रिहायशी क्षेत्र बसाए जा रहे हैं, उनमें जेसीबी मशीन चलाकर अवैध निर्माण गिराए जाएं। उन्होंने कहा कि जिले में जो भी अवैध कॉलोनियां बसाई जा रही हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। खासतौर से बावल व धारूहेड़ा क्षेत्र में अवैध भवनों के निर्माण पर निगरानी रखी जाए। डीसी ने कहा कि अवैध निर्माण को लेकर जो एफआईआर दर्ज की गई हैं, उनमें पुलिस विभाग शीघ्र चार्जशीट दाखिल करे।


रेवाड़ी। सचिवालय सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते डीसी

### ओवरलोड वाहनों पर लगे रोक

डीसी मीणा ने खनन विभाग एवं पुलिस विभाग को निर्देश दिए जिले में निर्माण सामग्री लेकर गुजर रहे डंपर व ट्रक सहित अन्य वाहनों को जब्त कर उनके चालान काटे जाएं। उन्होंने कहा कि आरटीए, माइनिंग व पुलिस विभाग के अलावा एसडीएम व सीटीएम को भी ओवरलोडिड गाड़ियों के चालान करने चाहिए।

डीसी ने कहा कि कहीं भी अवैध माइनिंग की जा रही है तो खनन विभाग उस मामले में तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए माइनिंग को बंद कराए।

### सूचना

मैं, MITLESH DEVI W/o HMT Sombir Singh Army No. 14670032N निवासी गांव छव्वा, तहसील कोसली, जिला रेवाड़ी, हरियाणा ब्यान करती हूं कि मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम MITLESH दर्ज है। जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम MITLESH DEVI है जो कि मेरे आधार कार्ड व अन्य सभी कागजात में भी दर्ज है। यह सूचना अपने पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा सही नाम MITLESH के स्थान पर MITLESH DEVI दर्ज कराने के लिए है।

**खबर संक्षेप**

## कोसली कॉलेज में 338 विद्यार्थियों का पहली मेरिट लिस्ट में दाखिला

कोसली। वीरवार को उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से स्नातक में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों की प्रथम सूची जारी हो चुकी है। राजकीय महाविद्यालय कोसली की प्राचार्या डा. लाज कौशल ने बताया कि महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष में 169, बीएससी फिजिकल साइंस में 95, बीएससी लाइफ साइंस में 56 तथा बीकाम प्रथम वर्ष में 18 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान पाया है। इन सभी विद्यार्थियों को 27 से 30 जून तक अपनी फीस ऑनलाइन जमा करानी है। फीस जमा कराने के बाद एप्लीकेशन फार्म तथा सभी आवश्यक दस्तावेज भी महाविद्यालय में जमा कराना अनिवार्य है। विभाग की तरफ से द्वितीय सूची 3 जुलाई को जारी की जाएगी। इस सूची में आने वाले विद्यार्थियों को 4 से 7 जुलाई तक अपनी फीस जमा करानी है। इसके बाद रिक्त सीटों पर 9 जुलाई से फिजिकल काउंसलिंग होगी। 10 जुलाई से उच्चतर शिक्षा विभाग की तरफ से ऑनलाइन पोर्टल को रिक्त सीटों पर आवेदन के लिए पुनः खोला जाएगा। राजकीय महाविद्यालय कोसली स्नातक प्रथम वर्ष में 240, बीकॉम में 80, बीएससी लाइफ साइंस में 80 तथा बीएससी फिजिकल साइंस में 160 सीटें हैं।



### रामगढ़ में 29 जून को महापंचायत करने का निर्णय, शामिल होने वाले नेताओं का बहिष्कार करने की चेतावनी

# अस्पताल के लिए जमीन फाइनल नहीं, सियासी रंग पकड़ने लगा आंदोलन, विरोध की सुगबुगाहट भी तेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

शहर के नागरिक अस्पताल को बाहर शिफ्ट करते हुए 200 बेड का अस्पताल बनाने के लिए सरकार की ओर से अभी तक जमीन फाइनल नहीं की गई है। इसके बावजूद अस्पताल निर्माण की मांग को लेकर शहर के आसपास कई गांवों के ग्रामीणों ने दावे मजबूत करने शुरू कर दिए हैं। रामगढ़ भगवानपुर में 29 जून को महापंचायत करने का ऐलान किया गया है, तो शहबाजपुर व आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने महापंचायत को समर्थन देने वाले नेताओं का बहिष्कार करने की चेतावनी दे डाली है। इसी बीच गोकलगढ़ की पंचायत भी गांव में अस्पताल बनवाने की मांग को लेकर मैदान में उतर चुकी है। शहर से दो से तीन किलोमीटर की दूरी पर बसे आधा दर्जन से अधिक गांवों के लोगों ने अपने-अपने गांवों में अस्पताल खुलवाने की मांग उठानी शुरू कर दी है। अस्पताल को शहर से बाहर स्थानांतरित करने की योजना लगभग चार साल से चल रही है, परंतु इसके लिए अभी तक जमीन का चयन नहीं हुआ है। वर्ष 2023 में गोकलगढ़ गांव में अस्पताल के जमीन का निरीक्षण तत्कालीन डीसी अशोक गर्ग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने किया था। उस समय इस जमीन को उपयुक्त माना गया था। प्रस्तावित जमीन के पास दिल्ली और रोहतक रेल लाइन फाटक होने के कारण इस स्थान पर अस्पताल निर्माण को उपयुक्त नहीं माना गया। एक ओर जहां प्रशासन अस्पताल के लिए जमीन की तलाश करता रहा, तो दूसरी ओर शहर में पानी की समस्या का निदान करने के लिए वाटर टैंकों के लिए जमीन की तलाश चलती रही। रामगढ़ भगवानपुर के ग्रामीणों का दावा है कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने उन्हें आश्वासन दिया था कि अगर ग्राम पंचायत वाटर टैंकों के लिए जमीन देगी, तो अस्पताल का निर्माण भी उन्हीं के गांव में कराया जाएगा।

ग्राम पंचायत ने सरकार को वाटर टैंकों के लिए 9 एकड़ 7 कनाल से ज्यादा जमीन दे दी। अब ग्रामीण अस्पताल पर अपना दावा जताते हुए दस दिन से धरना दे रहे हैं। ग्रामीण केंद्रीय मंत्री पर वादा खिलाफ के आरोप लगा रहे हैं, जिसके पीछे राजनीतिक चालें भी अपना काम अंदरखाने कर रही हैं। फिदेड़ी की ग्राम पंचायत अपनी जमीन उपयुक्त बाते हुए अस्पताल खुलवाने की मांग कर रही है, तो अब गोकलगढ़ की पंचायत भी इस होड़ में शामिल हो गई है।







रेवाड़ी। अस्पताल की मांग को लेकर गांव गोकलगढ़ में धरने पर बैठे ग्रामीण, अस्पताल की मांग को लेकर गांव रामगढ़ में धरने पर बैठे ग्रामीण, अस्पताल की मांग को लेकर गांव रामगढ़ में धरने पर मौजूद महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### दबाव के लिए महापंचायत का निर्णय

प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने स्पष्ट किया है कि शहर के आसपास कई गांवों में अस्पताल के लिए जमीन का मुआयना किया गया है, परंतु किसी भी गांव में अस्पताल खोलने का अंतिम निर्णय अभी तक नहीं लिया गया है। जिस गांव की जमीन अस्पताल के लिए सबसे उपयुक्त होगी, उसी गांव में सरकार की ओर से अस्पताल खुलवाया जाएगा। आरती के इस बयान का शहबाजपुर व आसपास के गांवों के पंचायत प्रतिनिधियों ने खुलकर समर्थन करते हुए कहा कि सरकार जहां भी अस्पताल खुलवाएगी, वह उसका स्वागत करेंगे।

### आरती राव गंभीरता से प्रयास कर रही

शहबाजपुर के सरपंच मनोज कुमार के नेतृत्व में एकत्रित हुए कई गांवों के पंच-सरपंचों ने एक स्वर में कहा कि सरकार जिस गांव की जमीन उपयुक्त लगे, वहीं अस्पताल का निर्माण कर सकती है। कैबिनेट मंत्री आरती राव खुद इस मामले में गंभीरता से प्रयास कर रही हैं। ऐसे में बिना वजह आंदोलन का सहारा लेकर केंद्रीय मंत्री को निशाना बनाना किसी भी सूरत में उचित नहीं है। जब किसी गांव विशेष में अस्पताल खोलने की घोषणा ही नहीं हुई है, तो दूसरे गांव के लोगों का आंदोलन औचित्यहीन के अलावा कुछ नहीं है।

### राव के गोकलगढ़ की पैरवी करने का दावा

गोकलगढ़ में सरपंच राजबीर की अध्यक्षता में आयोजित पंचायत में वक्ताओं ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह वर्ष 2024 में उनके गांव में अस्पताल खोलने की पैरवी कर चुके हैं। उनके गांव की जमीन अस्पताल की सभी शर्तों पर खरा उतर रही है, जिस कारण अस्पताल गोकलगढ़ में ही बनना चाहिए। पूर्व जिला प्रमुख शशिबाला, दयाशंकर, ब्लॉक समिति मेंबर पूजा, दिनेश जांगड़ा, मुकेश यादव, पुरूषोतम यादव पंच, हीरालाल, समय सिंह, सुरेंद्र कुमार, सतनारायण पंच, विकास पंच, विक्रांत, राहुल, विनोद पंच, संजय पंच, धर्मवीर नंबरदार, लीलू प्रधान, महावीर, सूबेसिंह, महेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पंचायत में हिस्सा लिया।

# गुप्त नवरात्र की हुई शुरूआत, 9 दिन तक उपासक करेंगे साधना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

आषाढ़ मास के गुप्त नवरात्र वीरवार से शुरू हो गए हैं, जो आगामी 4 जुलाई तक चलेंगे। इन 9 दिनों में देवी के विभिन्न रूपों की पूजा-अर्चना उपासक गोपनीय तरीके से करते हैं, ताकि उन्हें मन वांछित फल मिल सकें।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार शास्त्रों में उल्लेख है कि गुप्त नवरात्र करने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। उनका कहना है कि शास्त्रों में इन नवरात्रों का महत्व भी बताया गया है। प्रतिपदा तिथि को माता को घी का भोग लगाना चाहिए, इससे रोगी को कष्टों से मुक्ति मिलती हैं एवं शरीर निरोगी होता है।

द्वितीया तिथि को माता को शक्कर का भोग लगाएं तो इससे साधक की उम्र लंबी होती है। तृतीया तिथि को माता को दूध का भोग लगाने से साधक को सभी प्रकार के दुःखों से मुक्ति मिलती है। चतुर्थी तिथि को माता को मालपुआ का भोग लगाएं तो इससे समस्याओं का अंत होता है।

पंचमी तिथि को माता को केले का भोग लगाना चाहिए जिससे परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। षष्ठी तिथि को शहद का भोग लगाना चाहिए इससे धन लाभ होने के योग बनते हैं। सप्तमी तिथि को माता को गुड़ का भोग लगाएं तो साधक की हर मनोकामना पूरी हो सकती है।

### अष्टमी को नारियल का भोग शुभ

अष्टमी तिथि को माता को नारियल का भोग लगाने से घर में सुख-समृद्धि आती है तथा नवमी तिथि को माता को विभिन्न प्रकार के अनाज का भोग माता को लगाया जाए तो इससे वैभव व यश मिलता है। हालांकि गुप्त नवरात्र को साधक अपने तरीकों से गुप्त रखकर ही मनाते आ रहे हैं। इनका अधिक प्रचार-प्रसार नहीं किया जाता। गुप्त नवरात्र में शिव पार्वती की पूजा-अर्चना का विधान भी है। देवों के देव महादेव साधकों पर थोड़ी सी पूजा-अर्चना के बाद कृपा बरसाते रहे हैं।

# मॉल, बस स्टैंड, स्टेशन व गांवों में चलाया नशा विरोधी अभियान

- एसपी हेमेंद्र मीणा बोले नशा बेचने वालों की असली जगह जेल, इसलिए आमजन नशे का कारोबार करने वालों की सूचना नि:संकोच होकर पुलिस को दें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर जिले में अनेक जगह नशा मुक्त जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन व डीएसपी मुख्यालय डा. रविन्द्र सिंह के नेतृत्व में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा मनाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य मादक पदार्थों के दुरुपयोग और उनकी अवैध तस्करी के प्रति समाज में जन-जागरूकता फैलाना है, साथ ही युवाओं को नशे की गिरफ्त में आने से रोककर एक स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक समाज का निर्माण करना है। जिला पुलिस के थाना मॉडल टाउन, शहर, धारूहेड़ा, सेक्टर-6 धारूहेड़ा, खोल, कोसली, सदर, जाटूसाना, रोहड़ाई, खोल, रामपुरा, बावल, कसोला, महिला थाना व पुलिस की नशा मुक्त टीम ने गांव जोनावास, भटसाना, बनीपुर, बीकानेर, परखोत्तमपुर, खेडा आलमपुर, गवर्नमेंट स्कूल कंवाली, आईटीआई कुंड, आईटीआई बेरली कलां, आईटीआई सहारनवास, आईटीआई रेवाड़ी, अमंगनी सोसायटी, रिवेंट कंपनी धारूहेड़ा, आरपीएस स्कूल धारूहेड़ा व डीबीजी कंपनी बावल में नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया व बीएमजी मॉल, बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों व बचाव बारे में जागरूक किया गया।







रेवाड़ी। बस स्टैंड पर नुक्कड़ नाटक पेश करते कलाकार तथा कंपनी में कर्मचारियों को शपथ दिलाते पुलिसकर्मी।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक

पुलिस की ओर से बीएमजी मॉल, बस स्टेंड व रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। रंगकर्मी सतीश मस्तान के निर्देशन में शाकुंतलम संगीत व नाट्य संस्था के बच्चों की ओर से आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। कलाकारों ने नशा मुक्त भारत थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को जागरूक करते हुए बताया कि नशा किस तरह युवाओं को बर्बाद कर रहा है और समाज के लिए कितना घातक होता जा रहा है। इस मौके पर संस्था के कलाकार राधिका, निशिका, हर्षिता, चंचल, कोमल, दीपक सैनी, दीवान सिंह व सिटी थाने एसआई प्रमोद और गोकलगेट चौकी इंचार्ज एएसआई नरेश कुमार मौजूद थे।



रेवाड़ी। सीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए महिला बहुउद्देशीय कर्मचारी।

# महिला बहुउद्देशीय कर्मचारियों का जिओ फेसिंग हाजरी का विरोध, स्वास्थ्य महानिदेशक के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

- सरकार लगातार महिला बहुउद्देशीय वर्ग की जायज मांगों पर कोई ध्यान नहीं दे रही

बहुउद्देशीय महिला स्वास्थ्य कर्मचारी एवं सुपरवाइजर संघ की ओर से वीरवार को जिला प्रधान राजबाला के नेतृत्व में जिओ फेसिंग हाजरी व्यवस्था के विरोध में महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा के नाम सिविल सर्जन डा. नरेन्द्र दहिया को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर जिला प्रधान राजबाला व जिला महासचिव जागृति ने कहा कि सरकार की ओर से आए दिन कर्मचारियों के ऊपर तुगलकी फरमान थोंपने का काम किया जा रहा है, जिसमें वर्तमान में प्रत्येक कर्मचारी की लोकेशन आधारित जियो फेसिंग हाजरी के फरमान जारी किए गए है, जोकि भारत के संविधान व सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी के अनुसार नागरिकों के मूलभूत अधिकारों व निजता का हनन है, जिसका बहुउद्देशीय महिला स्वास्थ्य कर्मचारी संघ पुरजोर विरोध करता है और संघ सरकार से इस आदेश को वापस लेने की मांग करता है। जिला प्रधान राजबाला ने कहा कि कर्मचारी की लोकेशन आधारित हाजरी मांग कर उनकी निजता पर हमला किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि जिओ फेसिंग एप वापस नहीं लिया गया तो महिला स्वास्थ्य कर्मचारी कोई बड़ा निर्णय लेने पर मजबूर होगी। महासचिव ने कहा कि सरकार लगातार महिला बहुउद्देशीय वर्ग की जायज मांगों पर कोई ध्यान नहीं दे रही है, जिससे बहुउद्देशीय वर्ग में सरकार व अधिकारियों के खिलाफ भारी रोष है। इस मौके पर वरिष्ठ उपप्रधान मनोज, उपप्रधान छिंदरपाल, जिला कोषाध्यक्ष लक्ष्मी, प्रेस प्रवक्ता संजोग, चेयरपर्सन सुनीता, पंकज, सुनीता, मंजू, पूनम, राजवंती, सरोज, सावित्री, सोनिया, अर्चना, माया, उर्मिला, कमलेश, किरण, अंजूबाला, सुरेश, रेनू, स्नेह व कुसुम सहित आदि मौजूद रहे।

## नगर परिषद व पब्लिक हेल्थ विभाग को एक सप्ताह में शहर के ड्रेनेज सिस्टम के सफाई करने के निर्देश



रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि मानसून के आगमन को देखते हुए शहर की सीवरेज लाइनों तथा ड्रेनेज सिस्टम की सफाई का कार्य अगले एक सप्ताह में पूरा होना चाहिए ताकि आगामी बरसात में शहर में जलभराव की स्थित उत्पन्न न हो सकें। उन्होंने कहा कि शहरवासी भी नालियों में प्लास्टिक, पॉलीथिन व कांच की बोतलें सहित अन्य ठोस कचरा न डालें। डेरियों को भी सीवरेज लाइनों से न जोड़ा जाए। पशुपालक अपनी गाय-भैंस के गोबर का इस्तेमाल खाद बनाने में करें, न कि उसे नालियों में बहाएं। डीसी अभिषेक मीणा वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने रेजांगला पार्क में बनाए जा रहे म्यूजियम के कार्य शीघ्र गति से पूरा करने के निर्देश दिए। शिविर में बोड़िया कमालपुर में पेयजल की समस्या रखी गई, जिस पर डीसी ने पेयजल लाइन की रिपेयरिंग कर पानी की आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम सुरेन्द्र सिंह, सीटीएम प्रीति रावत, डीएसपी विनोद शंकर, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सारवान व नगर परिषद सचिव प्रशांत शर्मा सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

## एनसीबी टीम ने निकाली नशा मुक्ति जागरूकता रैली

रेवाड़ी। हरियाणा एनसीबी जिला यूनिट की ओर से वीरवार को अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ विरोधी दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अंतिम दिन पुलिस लाइन से मोटरसाइकिल जागरूकता रैली निकाल कर 'नशे से नहीं, जीवन से जुड़ों' स्लोगन के साथ नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। हरियाणा एनसीबी की ओर से पूरे राज्य में नशे के खिलाफ कानूनी कार्यवाही के साथ-साथ जागरूकता रैलियां, नुक्कड़ नाटक, साइक्लोथॉन, मैराथन और स्कूल-कॉलेजों में संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का नेतृत्व यूनिट इंचार्ज निरीक्षक नीरज कुमार ने किया। उन्होंने लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया और सभी को नशा न करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशे से दूरी, जीवन की गारंटी है और यह केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि समाज की जिम्मेदारी भी है। निरीक्षक नीरज कुमार ने कहा कि नशा समाज को दीमक की तरह खोखला कर रहा है और इसकी लत युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और आर्थिक स्थिति को प्रभावित करता है, बल्कि उसके सामाजिक जीवन को भी पूरी तरह बर्बाद कर देता है। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने नशा न करने और दूसरों को भी रोकने का संकल्प लिया। एनसीबी इंचार्ज ने कहा कि किसी को नशा तस्करी या बिक्री की जानकारी हो तो तुरंत भारत सरकार के टोल फ्री नंबर 1933, ऑनलाइन पोर्टल एनसीबीमानस. जीओवी. इन व हरियाणा एनसीबी हेल्पलाइन 90508-91508, पर सूचना दें।

### अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# नशा एक सामाजिक बुराई, सभी के सहयोग से इसे जड़ से खत्म किया जा सकता: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

वीरवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायधीश जीएस वाधवा व सचिव व सीजेएम अमित वर्मा के मार्गदर्शन में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंड़ीगढ़ की ओर से संचालित जिला नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में अंतरराष्टीय नशा विरोधी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर जिला एनएसीबी टीम के सदस्यों ने कहा कि नशा एक जानलेवा बीमारी है और प्रदेश को नशा मुक्त करने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। ब्रह्माकुमारी टीम से रेनू ने कहा कि लोग तनाव की वजह से नशे की शुरुआत करते हैं और फिर बाद इसके आदि हो जाते हैं, जिससे की उनका भविष्य बर्बाद हो जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्रतिनिधि ने कहा कि नशा समाज के लिए एक अभिशाप है और इसे सभी को मिलकर जड़ से उखाड़ फेंकना है। इस मौके पर मुख्यातिथि एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, सभी के सहयोग से इसे जड़ से खत्म किया जा सकता है। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर नशा मुक्त जागरूता रैली को रवाना किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से एडवोकेट नितेश अग्रवाल व पीएलवी प्रदीप कुमार ने लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया। कार्यक्रम में जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेन्द्र सिंह यादव, जोगेन्द्र सिंह यादव, रेनू व संदीपा मौजूद थे।







रेवाड़ी। नशा मुक्त जागरूकता रैली को रवाना करते एसडीएम, नशा मुक्त जागरूकता कार्यक्रम में संबोधित करते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

### रेलवे स्टेशन पर किया जागरूक

एडवोकेट नितेश अग्रवाल व पीएलवी प्रदीप कुमार ने रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पर भी नशे के खिलाफ मुहिम चलाकर लोगों जागरूक किया गया। उन्होंने सभी यात्रियों को प्रचार पुस्तिका भी बांटी। एडवोकेट अग्रवाल ने कहा कि नशे की सामाजिक बुराई के खिलाफ सभी को एकजुट होकर लडाई लड़नी होगी। आज की युवी पीढी लगातार नशे की गिरफ्त में आती जा रही है। उन्होंने यात्रियों को नशा न करने, नशा करने वालों की सूचना सरकार को देने, नशे से ग्रस्त व्यक्ति को नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराने व कानून संबंधी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वाले की सूचना टोल फ्री नंबर 1933 पर दी जा सकती है।